बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

# भारतीय रिज़र्व बैंक
# RESERVE BANK OF INDIA

भा.रि.बैंक/विमुवि/2025-26/___ जून 13, 2025
एपी (डीआईआर सीरीज़) परिपत्र सं. 07

सभी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-। बैंक

महोदया / महोदय,

**शिपिंग पोत का आयात - छूट**

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-। बैंकों (एडी) का ध्यान दिनांक 01 जनवरी 2016 के मास्टर निदेश – माल और सेवाओं का आयात (एमडी-आयात) के पैरा सी.1 की ओर आकृष्ट किया जाता है।

2. व्यापार में आसानी बढ़ाने और क्षेत्र-विशिष्ट बाधाओं के दृष्टिगत, यह निर्णय लिया गया है कि आयातकों को बैंक गारंटी अथवा शर्त रहित, अप्रतिसंहरणीय, स्टैंडबाय साख-पत्र के बिना शिपिंग पोत के आयात के लिए 50 मिलियन अमरीकी डॉलर तक की अग्रिम विप्रेषण की अनुमति, एमडी-आयात के पैरा सी.1.3.3 में उल्लिखित शर्तों के अधीन, जो भी लागू हो, दी जाती है।

3. प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-। बैंक इस परिपत्र की विषयवस्तु से अपने संबंधित घटकों को अवगत कराएँ।

4. इस परिपत्र में निहित निदेश विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा), 1999 (1999 का 42) की धारा 10(4) और 11(1) के अंतर्गत जारी किए गए हैं और ये किसी अन्य विधि/ कानून के अंतर्गत अपेक्षित अनुमति/ अनुमोदन, यदि कोई हों, पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालते हैं।

भवदीय,

(एन. सेंथिल कुमार )
मुख्य महाप्रबंधक

विदेशी मुद्रा विभाग, केंद्रीय कार्यालय, 5वीं मंजिल, अमर भवन, सर पी.एम.रोड, फोर्ट मुंबई - 400 001
Foreign Exchange Department, Central Office, 5th Floor, Amar Building, Sir P.M.Road, Fort, Mumbai – 400 001
Telephone: (91-22) 22603000, Email Id – fedcotrade@rbi.org.in

**हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए**
चेतावनी : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ई-मेल, डाक, एसएमएस या फोन-कॉल के जरिए किसी की भी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक के खाते का ब्यौरा, पासवर्ड आदि नहीं माँगी जाती है। यह धन रखने या देने का प्रस्ताव भी नहीं करता है। ऐसे प्रस्तावों का किसी भी तरीके में जबाब मत दीजिए
Caution: RBI never sends mails, SMSs or makes calls asking for personal information like banks account details, passwords, etc. It never keeps or offers funds to anyone. Please do not respond in any manner to such offers